भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1896
सोमवार, 13 मार्च, 2023/22 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

हरियाणा में 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत चयनित परियोजनाएं

1896. श्री रमेश चन्द्र कौशिकः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हरियाणा राज्य में 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान' (प्रसाद) के अंतर्गत चयनित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाओं के पूरा होने की स्थिति क्या है;

(ग) उक्त परियोजनाओं के लिए अब तक जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को उक्त योजना के अंतर्गत नई परियोजनाओं को शामिल करने के लिए हरियाणा राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा उक्त प्रस्तावों पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय की तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत गंतव्यों की पहचान और परियोजनाओं का अनुमोदन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर किया जाता है । हरियाणा की राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा तथा माता मनसा देवी मंदिर को प्रशाद योजना के तहत शामिल किया गया है । 49.52 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से ''पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर के विकास'' की एक परियोजना को अनुमोदित किया गया है और इन गंतव्यों में तीर्थयात्रा पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए इस योजना के तहत 28.77 करोड़ रु. जारी किए गए हैं । वर्तमान में परियोजना का काम चल रहा है ।

(घ) से (च) : पर्यटन मंत्रालय को प्रशाद योजना के तहत हरियाणा की राज्य सरकार से यमुना नगर जिले में आदि बद्री परिसर और महेंद्रगढ़ जिले में धोसी हिल, नारनौल के विकास से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुए थे जिनकी जांच की गई और इसके बीच राज्य सरकार से योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रस्तावों को पुनः से भेजने का अनुरोध किया गया था ।

*****